तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025



10 नवीन जैन मंदिर में भगवान की बेदी...



11 गौवंश क्रूरता के खिलाफ विहिप-बजरंग दल का...






## खबर संक्षेप

### एसआईआर कार्य में लापरवाही पर तीन शिक्षक निलंबित

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के निर्देश पर एसआईआर कार्य में रूचि नहीं लेने, डिजिटाईजेशन की प्रगति में कमी एवं गणना पत्रक को बीएलओ एप्प के माध्यम से आंनलाइन एन्ट्री का कार्य नहीं करने पर तीन शिक्षकों क़ो निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड पलारी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बम्हनी में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी प्रितम कुमार ध्रुव द्वारा निर्वाचन नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के लिए गणना पत्रक वितरण, वापसी पश्चात गणना पत्रक को बीएलओ एप्प के माध्यम से ऑनलाइन एन्ट्री का कार्य नहीं करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पलारी में नियत किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ईतवारी राम यादव शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भाटापारा में पदस्थ शिक्षक अजय प्रकाश बंजारे एवं शासकीय प्राथमिक शाला निपनिया में पदस्थ सहायक शिक्षक द्रोपति ध्रुव को एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही एवं उच्च कार्यालय द्वारा दिये गये आदेशों का अवहेलना पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 ख (2) तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत होने के फलरूवरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 नियम 9(1) के खण्ड(क) के तहत निलंबित कर मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भाटापारा में नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता क़ी पात्रता होगी।

### 35 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त, 600 किलो लाहन नष्ट



**बलौदाबाजार।** आबकारी आयुक्त आर संगीता के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में पलारी वृत्त क्षेत्र अंतर्गत आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 35 बल्क लीटर महुआ शराब बाजार मूल्य 7000 जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पलारी के ग्राम खैरी में आरोपी लख्खीराम पिता कुनुराम साकिन कानाकोट के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त किया गया। साथ ही अवैध कच्ची महुआ शराब के मुखबिर सूचना पर दबिश देकर विधिवत ▸▸ शेष पेज 11 पर

# नशा मुक्ति केंद्र से अब तक 181 युवाओं ने छोड़ा नशापान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिला प्रशासन द्वारा नशामुक्त समाज की दिशा में चलाई जा रही पहल लगातार सकारात्मक परिणाम दे रही है। विशेष रूप से जिले में संचालित नशा मुक्ति केंद्र कई युवाओं और परिवारों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरा है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में नशामुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने पर निरंतर कार्य हो रहा है। नई दिशा अभियान के तहत स्थापित नशा मुक्ति केन्द्र स्थापना के बाद से 181 लोगों को नशे से पूर्ण रूप से मुक्त किया गया है। 16 व्यक्ति वर्तमान में उपचाररत हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिले को पूरी तरह नशामुक्त बनाने एवं नशे से पीड़ित व्यक्तियों को सुरक्षित एवं नियंत्रित वातावरण में मनोरोग विशेषज्ञों की देखरेख में उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नई दिशा अभियान की शुरुआत विगत पिछले वर्ष की गई है।

## जिले में खुला दूसरा नशा मुक्ति केंद्र



### संगी मितान सेवा संस्थान द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र

जिले में नशा मुक्ति केंद्र का संचालन समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त एवं अनुदानित संस्था संगी मितान सेवा संस्थान द्वारा जुलाई 2024 से किया जा रहा है। नशा मुक्ति केंद्र खैरघटा रोड, बलौदाबाजार-भाटापारा में स्थित है। जहां अब तक 192 हितग्राही पंजीकृत है, स्थापना के बाद से 181 लोगों को नशे से पूर्ण रूप से मुक्त किया गया है। 16 व्यक्ति वर्तमान में उपचाररत हैं।इसी क्रम में जिले में नशामुक्ति सेवाओं का विस्तार करते हुए भाटापारा के महारानी चौक में जिले के दूसरे नशा मुक्ति केंद्र का बुधवार को संक्षिप्त उद्घाटन किया गया। यह केंद्र 15 युवाओं की क्षमता वाला है और वर्तमान में 10 युवक यहां उपचाररत हैं।

### केंद्र की प्रमुख सुविधाएं

विशेषज्ञ मनोरोग चिकित्सकों की निगरानी में शारीरिक व मानसिक उपचार। मेडिकल आकलन, डिटॉक्सिफिकेशन और काउंसलिंग।पौष्टिक भोजन, योग, मनोरंजन व खेलकूद गतिविधियां। आत्मनिर्भरता हेतु प्रशिक्षण धूपबत्ती, कपूर टिक्की निर्माण इत्यादि।सुरक्षित आवासीय व्यवस्था और 24×7 निगरानी। नई दिशा अभियान नशामुक्ति की पहल - जिला प्रशासन द्वारा युवाओं, बच्चों और परिवारों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए गांव-गांव जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। मास्टर वॉलेंटियरों द्वारा हर ग्राम पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में 42 कैंप और 34 कार्यशालाएं, जिनमें 24,107 विद्यार्थी शामिल हुए। अभियान के माध्यम से 12,150 लोगों तक मानसिक स्वास्थ्य और नशामुक्ति सेवाएं पहुंचाई गईं।

## खेती किसानी : कटाई के साथ ही किसान अब धान की फसल की सफाई और संग्रहण में जुटे

# हार्वेस्टर से अंचल में धान कटाई जोरों पर कम पैदावार से बढ़ी किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिरमी रावन



अंचल के हिरमी, मोहरा, बरडीह, भालेसुर, मुसवाडीह सहित आसपास के गांवों में इन दिनों धान की कटाई पूरे जोर-शोर से चल रही है। खेतों में सुबह से ही हार्वेस्टर मशीनों की आवाज गूंजने लगती है, जिससे पूरे क्षेत्र में कृषि गतिविधियों की रौनक दिखाई दे रही है। कटाई के साथ ही किसान अब धान की फसल की सफाई और संग्रहण (सरना) में भी जुट गए हैं। इस वर्ष कटाई के दौरान हार्वेस्टर मशीनों का उपयोग बड़े पैमाने पर हो रहा है, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत हो रही है। जहां हाथों से कटाई में काफी समय लगता था, वहीं अब आधुनिक मशीनें कुछ ही घंटों में बड़े खेतों की कटाई पूरी कर दे रही हैं। खेतों में कटाई चलने के साथ ही अलग-अलग जगहों पर पक्षियों का झुंड भी दाना चुगते नजर आ रहा है, जिससे ग्रामीण वातावरण जीवंत दिखाई दे रहा है। कटाई की गति तेज होने के बावजूद इस वर्ष किसानों का कहना है कि धान की पैदावार उम्मीद से काफी कम आई है। किसानों के अनुसार, मौसम में अनियमितता, समय पर पर्याप्त पानी न मिलना और रोगों के प्रकोप की वजह से उत्पादन पर सीधा असर पड़ा है। कई किसानों ने बताया कि जहां पिछले वर्षों में अच्छी उपज मिलती थी, वहीं इस बार धान के बोरे कम भर पा रहे हैं। उत्पादन कम होने से किसान चिंतित हैं कि बाजार में मिलने वाला मूल्य उनकी लागत पूरी कर पाएगा या नहीं।

### मजदूरों को मिला काम

कटाई के इस मौसम में किसानों के साथ-साथ कृषि मजदूरों को भी लगातार काम मिल रहा है। बोरा उठाने, भरने और खेत की सफाई के कार्यों में मजदूरों की मांग बढ़ी हुई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में चहल-पहल बढ़ी है। कुल मिलाकर, अंचल में धान कटाई के साथ ग्रामीण जीवन में उत्साह तो है, लेकिन पैदावार कम होने की चिंता ने किसानों की उम्मीदों पर असर डाला है। इसके बावजूद, किसान अब आने वाली रबी फसल को लेकर नई उम्मीद के साथ खेतों की तैयारी में जुट गए हैं।

# महिला का फंदे से लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुनी

जिले के ग्राम पंचायत अर्जुनी में शुक्रवार को सुबह लगभग 10 बजे वार्ड क्रमांक 01, विद्यानगर क्षेत्र में एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई। एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान ग्राम रवान की निवासी पायल मानिकपुरी (उम्र लगभग 19 से 20 वर्ष) के रूप में हुई है। वह अपने पति के साथ विद्यानगर स्थित एक किराये के मकान में रहती थी। इस घटना के बाद पूरे वार्ड में ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। परिजनों ने तत्काल संबंधित थाने को सूचना दी। हालांकि, घटना की वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है। सूचना मिलने पर भाटापारा ग्रामीण पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना का पंचनामा कर मर्ग कायम किया। देर शाम तक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सके।



# खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने किया ससहा एवं खरतोरा धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घोटिया

प्रदेश के खाद्य मंत्री माननीय दयालदास बघेल ने गत दिवस पलारी क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति ससहा एवं खरतोरा के धान उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी की पूरी व्यवस्था का बारीकी से जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से खरीदी प्रक्रिया की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। खाद्य मंत्री बघेल ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध है और धान विक्रय में किसी भी तरह की परेशानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को समय पर तुलाई, भुगतान एवं परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि धान उपार्जन केंद्रों में बोरे, तुलाई मशीन तथा श्रमिकों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि किसान बिना किसी समस्या के अपना धान बेच सकें।





### किसान को उनकी मेहनत की सही कीमत मिले

खाद्य मंत्री ने उपार्जन केंद्रों में उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं, सुझावों और खरीदी प्रक्रिया की स्थिति का फीडबैक लिया। इस दौरान मंत्री बघेल ने केंद्र में धान की गुणवत्ता जांच, संरक्षण और परिवहन प्रक्रिया को भी देखा। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है, जिससे किसान को उसके मेहनत की सही कीमत मिले। निरीक्षण के मौके पर मंडल अध्यक्ष मिथलेश मुकेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र साहू, प्राधिकृत अधिकारी ससहा मुकेश साहू, प्राधिकृत अधिकारी खरतोरा हिमांशु वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज आडिल, समिति प्रबंधक रमेशर साहू सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम सेल में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण प्रकटोत्सव

# संकट के काल में जीवन की रक्षा केवल और केवल परमात्मा ही करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेल

ग्राम सेल में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण का प्रकटोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथावाचक आचार्य पंडित कीर्तिकुमार पांडेय ने इस अवसर पर कई भावपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कथा के प्रारंभ में आचार्य पंडित पांडेय ने श्रोताओं को गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान ने गजेंद्र की करुण पुकार सुनकर उसे ग्राह (मगरमच्छ) से बचाया। ▸▸ शेष पेज 11 पर





### समुद्र मंथन और वामन अवतार

आगे उन्होंने समुद्र मंथन की कथा कही, जिसमें देवताओं और दैत्यों ने अमृत प्राप्ति के लिए मंथन किया। इसमें हलाहल विष सहित 14 रत्नों की प्राप्ति हुई। जगत कल्याण के लिए महादेव ने विषपान किया और नीलकंठ कहलाए। इसके बाद वामन अवतार की कथा का वर्णन किया गया। आचार्य ने बताया कि कैसे राक्षसों का राज्य तीनों लोकों पर स्थापित होने के बाद, माता अदिति के पयोव्रत के पुण्य से भगवान स्वयं वामन के रूप में प्रकट हुए। उन्होंने राजा बलि से दान में तीनों लोक लेकर उन्हें सुतल लोक का राजा बना दिया।

### श्रीकृष्ण प्राकट्य उत्सव

इसके बाद सूर्यवंश के वर्णन और श्रीराम जी की कथा के बाद, भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य की कथा शुरू हुई। इस दौरान सुंदर झांकी एवं मधुर गीत-संगीत के साथ प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें श्रोतागण झूम उठे। आज की कथा में गांव के सैकड़ों श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे। कथा समापन पर प्रसाद के साथ सभी को भंडारे से भोजन भी वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान शोभित कुमार जायसवाल और कौशिल्य के साथ-साथ उमाशंकर साहू, गणेशराम साहू सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप



### छात्रावास परिसर में डा. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण

**महासमुंद**। राष्ट्रीय संविधान दिवस पर 26 नवंबर को शासकीय आदर्श अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रावास परिसर पेंशन बाड़ा रायपुर में भारतीय संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक एवं मानवाधिकारों के विश्व-प्रसिद्ध विद्वान भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया।

### गोस्वामी समाज की बैठक कल

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई की कार्यकारिणी बैठक 30 नवंबर रविवार को दोपहर 12 बजे ग्राम लभराकला में रामेंद्र प्रकाश गिरि के निवास में रखी गई है। इस बैठक में जिला इकाई के नवीन निर्वाचन कार्यक्रम, पारिवारिक सम्मेलन तथा आम सभा की तिथि निश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने जिला इकाई के समस्त पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपेक्षा जताई है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 1 को

**महासमुंद**। स्थानीय स्वामी शिवानंद योग भवन प्रतिमाह 1 तारीख की तरह इस बार भी 1 दिसंबर को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर निःशुल्क रखा गया हैं। इच्छुक व्यक्ति बीपी, शुगर की जांच करा सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी योगगुरु तारेंद्र चंद्राकर ने दी है।

धर्म, संस्कृति और समाज जागरण का पावन उत्सव

# केदुवां में चक्र पूजा महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल द्वारा आयोजित चक्र पूजा महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन 2025 तीन दिवसीय आयोजन के बाद ग्राम केदुवां शाखा सभा बोंदा में 25 नवंबर से प्रारंभ होकर 27 नवंबर को पूर्णाहुति हवन के साथ हुआ। 26 नवंबर को आयोजित आम सभा एवं अतिथि सत्कार समारोह में मुख्य अतिथि शंभूनाथ चक्रवर्ती अध्यक्ष माटीकला बोर्ड छग शासन एवं अति विशिष्ट अतिथि चातुरी नंद, विधायक सरायपाली उपस्थित रहीं।

विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य उषा तेजराम पटेल, जप अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रकाश पटेल, तेजराम पटेल, पूर्व जिला सदस्य वृंदावती सोमनाथ पांडेय, सरपंच केंदुआ आनंद बेहरा, प्रमोद सागर, सुरोतीलाल, प्रमोद पटेल एवं इकबाल खान, उपसरपंच सांकरा श्रीमती मिथिला राणा, ग्राम गोटिया दीनानाथ नायक शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल के अध्यक्ष धर्मेंद्रनाथ राणा ने की।

आयोजन में वरिष्ठ एवं वृद्धजनों का सम्मान, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में तानिया पांडे, राजेंद्र राणा, हस्तिना राणा, दीक्षा, दीपिका, गुलशन, कौशल्या सहित कुल 9 विद्यार्थी शामिल रहे। सामाजिक व शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शंकरलाल राणा (भूतपूर्व महासचिव), विजय पांडे (अध्यक्ष मंदिर निर्माण समिति), हितेंद्र पांडे (शिक्षक), सुरेश राणा (संचालक स्कॉलर्स स्कूल सांकरा), अशोक राणा (अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ), चंद्रशेखर पांडे (सभापति गढ़फुलझर), गोवर्धन राणा (सभापति बोंदा), देवार्चन राणा (शिल्पकार), कैलाश राणा (शिल्पकार) का सम्मान किया गया। जरूरतमंद हितग्राहियों को 10 इलेक्ट्रॉनिक चक्के वितरित किए गए। सेवा कार्यों में शुभा नर्सिंग होम सरायपाली द्वारा 178 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, 55 लाभार्थियों को निःशुल्क दंत चिकित्सा, त्रिलोचन नेत्रालय संबलपुर द्वारा 173 हितग्राहियों को नेत्र जांच एवं 23 समाजजनों द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर कुराल पुराण का गायन किया गया एवं प्रतिवेदन वाचन लक्ष्मीनारायण पांडे द्वारा किया गया। रात्रिकालीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं।



मुख्य अतिथि शंभूनाथ चक्रवर्ती ने समाज की सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया तथा अति विशिष्ट अतिथि विधायक चातुरी नंद ने कुम्हार समाज की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा समाज उत्थान के लिए 5, 00, 000 की सहायता की घोषणा की गई है। कार्यक्रम का संचालन क्षीरसागर राणा, हितेंद्र पांडे एवं सुशांत राणा द्वारा किया गया। इस संबंध में जानकारी अशोक कुमार राणा ने प्रदान की।

## भाजपा मंडल की मतदाता पुनरीक्षण समीक्षा बैठक

# प्रदेश मंत्री ने बूथों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

भाजपा मंडल लवन की मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित आवश्यक समीक्षा बैठक आज स्थानीय सिंघम काम्प्लेक्स लवन मे आयोजित की गई जिसमे मुख्य वक्ता के रूप मे प्रदेश मंत्री माननीय जयंती पटेल जी एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य माननीय डॉ. अजय राव जी उपस्थित हुए। बैठक में डॉ. अजय राव ने अपने उद्बोधन मे उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम मे सहयोग करने के लिए बधाई दिए साथ ही बचे हुए पात्र मतदाताओ के नाम जुड़वाने में सहयोग की अपील किए। उद्बोधन की अगली कड़ी में आज के मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित प्रदेश मंत्री माननीय जयंती पटेल जी द्वारा लवन मंडल के सभी बुथो की समीक्षात्मक जानकरी लेते हुए सभी बुथ मे मन की बात कार्यक्रम को सभी कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर सुनने का आह्वान किए। प्रत्येक बुथ की मानिटरिंग शक्ति केन्द्र प्रभारियों के माध्यम से करने एवं किसी भी पात्र मतदाताओ का नाम न छूटे इसके लिए बुथ स्तर पर घर-घर जाकर फार्म भरवाने के लिए समय दान का संकल्प करवाये। आज के बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव, बैठक प्रभारी पूर्व जिला मंत्री कृष्ण कुमार पटेल, जिला महामंत्री विजय यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बाजपेयी, जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ गिरधारीलाल वर्मा, लवन मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, लवन नगर पंचायत अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, मंडल उपाध्यक्ष हेमंत साहू, तोषकुमार यादव, मंडल महामंत्री नरेश साहू, चन्द्रभूषण वर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष धनेश टंडन, दुर्गेश बाजपेयी, गजानन वर्मा अमित वर्मा, चुणामणी सिंघम, योगेश साहू, अजय साहू, सुमेंद्र बार्वे, विजय साहू, भावेश तिवारी, समविवेक दास, प्रकाश वर्मा, अशोक सेन, रूपेश वर्मा, मोहन यादव, नीरज यादव, गंगलेश्वर यादव, शशिकांत घृतलहरे, दिलेश्वर वर्मा, जनकराम साहू, गिरधारीलाल साहू, कमलेश वर्मा, रामकुमार वर्मा, केशव महराज, गोबिंद राम साहू, शिवनारायण साहू, संतोष साहू, लखन लाल वर्मा, महिपाल वर्मा, अभिनेष रजक, राजेश साहू, विजय गोयल, अखिलेश मिश्रा, रामखिलावन वर्मा, किशोर बंजारे, मुकेश बंजारे, ललित कुमार , अयोध्या जायसवाल, दिलीप बंदे, गेंदराम सेन, योगेश सिंघम, रामनाथ यादव ,साधेलाल पटेल, अनंत राम, कन्हैया पटेल, राजेश मधुकर, शिव राजेश्री, माधव प्रसाद पटेल, बिसाहू राम केंवट, रघुनाथ, प्रवीण साहू, मुकेश साहू, मेलाराम, मालिकराम वर्मा के साथ बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



# नवीन जैन मंदिर में भगवान की बेदी का शिलान्यास





हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जैन समाज में नए मंदिर का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने को है सर्वप्रथम भगवान जी को विराजमान करने की तैयारी में कल भगवान की बेदी जिस पर भगवान विराजमान होंगे का शिलान्यास का कार्य किया गया। ज्ञात हो मंदिर का पंचकल्याणक कार्यक्रम दिनांक 30 जनवरी से 3 फरवरी के बीच होना है जिसमें पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर महाराज के सानिध्य एवं 108 सुयश सागर महाराज संघ के बीच संपन्न होना है सर्वप्रथम मुख्य बेदी एवं अन्य दो बेदियों का शिलान्यास का कार्यक्रम रायपुर के अजीत जी शास्त्री एवं पंडित डीपी जैन के सानिध्य में संपन्न कराया गया।

मुख्य बेदी का शिलान्यास स्वर्गीय नेमीचंद जैन की स्मृति में रमेश जैन, महेंद्र जैन, पवन जैन एवं समाज के पूर्व अध्यक्ष दिनेश जैन को प्राप्त हुआ दिनेश जैन ने कार्यक्रम के पश्चात बताया कि हमारे परिवार की धर्म भावना और हमारे पिताजी की स्मृति में भगवान की मुख्य बेदी का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ दूसरी बेदी जो की प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की थी जिसका शिलान्यास करने का सौभाग्य स्वर्गीय धर्मचंद, शकुंतला देवी की स्मृति में नीरज कुमार, धीरज कुमार छाबड़ा परिवार को प्राप्त हुआ । महावीर भगवान की बेदी इसी परिवार से नूतन दीपक कुमार, सोगानी भोपाल, श्वेता मुकेश कुमार दगड़ा हावड़ा को प्राप्त हुआ जैन समाज में धर्म की प्रभावना और नए मंदिर बनने का उत्साह दिखाई दे रहा है। पूरे समाज में शिलान्यास करता की खूब-खूब अनुमोदना हो रही है।

## ठंड में अलाव का सहारा



**नर्रा**। छग के कुछ हिस्से में शीतलहर चलने की संभावना है। इससे ठंड की फिर वापसी व बादल छंटते ही क्षेत्र में ठिठुरन बढ़ने लगी है। लोग गर्म कपड़े का उपयोग तो कर रहे है। अलसुबह ठंड से बचने लकड़ी से अलाव भी जला रहे है।

# पर्यावरण आधारित चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का अयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चुचरुंगपुर हाई स्कूल एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से पर्यावरण आधारित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 84 विद्यार्थियों ने आकर्षक पेंटिंग और सारगर्भित निबंध प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सीएसआर से विनोद श्रीवास्तव ने चुचरुंगपुर शासकीय हाई स्कूल को पर्यावरण के प्रति समर्पित विद्यालय बताया। उन्होंने इको क्लब की गतिविधियों के अधिक प्रभावी संचालन के लिए सहयोग क्षेत्र की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार गेंडरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि पेड़.-पौधे को बचाना एवं स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों ने अपनी पेंटिंग और कविताओं के माध्यम से बताया कि छोटे-छोटे प्रयासों से पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी 84 प्रतिभागी विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार प्रदान किए गए। अल्ट्राटेक रावन सीएसआर आगे भी पर्यावरण शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों को निरंतर गति देता रहेगा।



विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों व अल्ट्राटेक सीएसआर के संयुक्त प्रयास से लगाए गए 1200 छायादार पौधे अब सुंदर आकार ले रहे हैं। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीएसआर टीम से द्वारिका वर्मा और सुनीता निषाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शासकीय हाई स्कूल से लेखराम चंद्रवंशी, मोहन लाल वर्मा, राजेंद्र कुमार वर्मा, रामदयाल साहू, उषा वर्मा, नीतू ध्रुव, दीपिका चतुर्वेदी, गिरीश साहू, एसआर ध्रुव, आई के. साहू तथा प्रायमरी स्कूल से पीआर कोट्रे भी उपस्थित थे।

# एमकेबाहरा में श्रीमदभागवत का आयोजन, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र व कृष्ण रासलीला की सुनाई कथा

**महासमुंद**। ग्राम एमकेबाहरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथावाचक हरि ॐ शरण महाराज ने महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान कृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान कृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरा करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां उनसे मिलने को आतुर हो जाती है। वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां कृष्ण ने महारास रचाया था।



यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही कृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में कृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस में सुदामा चरित्र का वर्णन किया। सुदामा का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति का आधार भौतिक साधन नहीं, बल्कि निर्मल मन और भगवान के प्रति अटूट विश्वास है। कृष्ण और सुदामा की मित्रता संसार को यह संदेश देती है कि भगवान अपने भक्तों से केवल प्रेम की अपेक्षा करते हैं। निर्धन होते हुए भी सुदामा की भक्ति और समर्पण ने उन्हें लोक-लाज और मोह से परे भगवान का प्रिय बना दिया। झांकी के माध्यम से की जा रही श्रीमद भागवत महापुराण कथा सुनने ग्रामवासियों की भीड़ जुट रही है। आयोजन को सफल बनाने में कीर्ति भट्ट, राजेश्वरी रानी चंद्राकर, नीलेश्वरी चंद्राकर, राधिका साहू महिला समूह की टीम के अलावा पूर्व सरपंच कमल नारायण साहू, भुखन पटेल, ग्राम प्रमुख देवक राम साहू आदि जुटे हुए हैं।

# वार्ड 04 में नपाध्यक्ष ने किया सीसी नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद**। शहर के वार्ड क्रमांक 04 में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा वार्ड पार्षद राहुल आवडे ने अन्य पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, वार्ड वासियों की उपस्थिति में की। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही वार्ड 3 एवं 4 के नागरिकों ने संयुक्त रूप से पालिकाध्यक्ष साहू से भेंट कर वार्ड में सड़क, नाली की मांग की थी। अध्यक्ष ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई निर्देश भी दिए। वार्ड क्रमांक 4 में संजय गिरी घर से अंगद पटेल घर तक नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन अवसर पर अध्यक्ष साहू ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पालिका का प्रथम दायित्व है। शहर का चहुंमुखी विकास हमारा लक्ष्य है, और उसी लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। वार्ड पार्षद राहुल आवडे ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष के प्रयासों से सभी वार्डों में सड़क, नाली, लाइट की व्यवस्था की जा रही है। वार्ड 4 में आज नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन हो रहा है। निर्माण पूर्ण होने के बाद स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सभापति जय देवांगन, ज्योति रिंकू चंद्राकर, जितेंद्र ध्रुव, पार्षद मुस्ताक ख़ान, सुनैना पप्पू ठाकुर, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, सीता टोंडेकर, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, बड़े मुन्ना देवार, वार्डवासी आत्माराम साहू, ललिता ठाकुर मौजूद रहे।



## जिले में 86 हजार 307 टन धान की खरीदी, टोकन तुहर एप से किसानों को सुविधा

# अन्नदाताओं की मेहनत को मिल रहा है उचित मूल्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार के मंशानुरूप जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में आज दिनांक तक 80 हजार 600 टन धान की खरीदी की जा चुकी है तथा 28 नवंबर को 5707 टन धान की खरीदी की जाएगी। इस प्रकार आज शाम तक कुल 86307 टन धान की खरीदी की जाएगी। बता दें कि जिले में धान खरीदी का अभी 40 दिन शेष है।

जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी शुरू हो गई है। इसी क्रम में जिले के ग्राम बेलसोंडा धान उपार्जन केंद्र में विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीदी सुचारू और पारदर्शी तरीके से जारी है। अब तक केंद्र में 9, 330.80 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है, जिसमें 2, 346.80 क्विंटल मोटा धान तथा 6, 984 क्विंटल सरना (पतला) धान शामिल है। किसानों की बढ़ती भागीदारी और सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं खरीदी केंद्र की सफलता को दर्शाती हैं। बेलसोंडा के केंद्र प्रभारी ने बताया कि अधिकांश किसान पहले से ही ऑनलाइन टोकन कटवाकर निर्धारित समय पर धान लेकर केंद्र पहुंच रहे हैं। इससे खरीदी प्रक्रिया तेज़, सरल और भीड़मुक्त बनी हुई है। यहां धान बेचने आए नांदगांव के किसान भूपेंद्र कुमार पटेल ने अपने 7 एकड़ खेत से उपजाया 80 क्विंटल धान बेचकर खरीदी प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली से उन्हें केंद्र पर इंतजार नहीं करना पड़ा और पूरी प्रक्रिया सहज रही। इसी तरह नांदगांव की सतीश सोनी ने अपने 5 एकड़ खेत से उपजाए गए धान में से 28 क्विंटल धान बेलसोंडा केंद्र में बेचा। वे भी निर्धारित समय पर पहुंचीं और बिना किसी परेशानी के खरीदी प्रक्रिया संपन्न की। इसी तरह घोड़ारी गांव के लघु कृषक पवन कुमार चक्रधारी ने 2 एकड़ कृषि भूमि पर अपनी मेहनत से उपजाएं 44.40 क्विंटल धान केंद्र में आसानी से विक्रय किया। छोटे किसान होने के बावजूद उन्होंने समय पर टोकन कटवा कर खरीदी का लाभ उठाया और सरकार की किसान हितैषी नीतियों की सराहना की।







### बेहतर व्यवस्थाएं बनी सुगम खरीदी का आधार

केंद्र प्रभारी ने बताया कि केंद्र में खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता और कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के साथ किया जा रहा है। टोकन की सुविधा नजदीकी सीएससी, मोबाइल ऐप व सहकारी समिति कार्यालय में उपलब्ध है। यहां बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। तौल, नमी की जांच और भुगतान प्रणाली पूरी तरह डिजिटाइज्ड है। किसानों को 72 घंटे के भीतर भुगतान सीधे बैंक खाते में जमा किया जा रहा है। बेलसोंडा केंद्र में सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के चलते किसानों का विश्वास और सहभागिता लगातार बढ़ रही है। आने वाले दिनों में और अधिक मात्रा में किसानों के धान की खरीदी होने की उम्मीद है।

# कन्या महाविद्यालय में मनाया गया छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में 28 नवंबर को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण से किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सरस्वती वर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा की समृद्ध परंपरा, गौरव और संवैधानिक प्रतिष्ठा को रेखांकित करते हुए जनसमुदाय में छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रति जागरुकता, गर्व एवं भाषा-संवर्धन की भावना पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। ओंकार प्रसाद साहू सहायक प्राध्यापक हिंदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यह जनमानस की भावनाओं, लोकजीवन और परंपराओं की संवाहक भी है। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपनी मातृभाषा के संरक्षण और प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं। महाविद्यालय के छात्राओं ने भी ने छत्तीसगढ़ी कविता-पाठ, लोकगीत, भाषण के माध्यम से भाषा की विविधता और सौंदर्य छत्तीसगढ़ी भाषा की विकास यात्रा, साहित्यिक परंपरा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।



# अपूर्ण आवासों पर सख्ती, आवास संध्या चौपाल में लापरवाह हितग्राहियों पर वसूली की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

भवानीपुर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी, पारदर्शी एवं त्वरित क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद पंचायत पलारी के ग्राम पंचायत भवानीपुर में आवास संध्या चौपाल का आयोजन किया गया यह चौपाल ग्रामीणों को योजना के प्रति जागरूक करने अपूर्ण आवासों की प्रगति की समीक्षा करने तथा निर्माण कार्य में अपेक्षित गति लाने हेतु आयोजित की गई चौपाल में कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा प्रभारी ब्लाक सम्मायक अंजू भोगामी गोपाल कृष्णा शर्मा अनुभागी अधिकारी गोवर्धन लाल सिन्हा तकनीकी सहायक उपसरपंच फागू राम सेन सरपंच प्रतिनिधि जगदीश लहरे पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजना की शर्तों किस्त जारी करने की प्रक्रिया समय-सीमा एवं तकनीकी आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी दी आवास निर्माण में तत्परता लाने पर मनरेगा प्रभारी ब्लाक सम्मायक अंजू भोगामी अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025-26 में स्वीकृत नवीन आवासों की सूची ग्राम पंचायत को प्राप्त हो चुकी है। जिन हितग्राहियों के खातों में प्रथम किस्त 40,000 रुपये जारी कर दी गई है, उनसे तत्काल निर्माण कार्य शुरू कर प्लिंथ स्तर तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कार्य में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी चौपाल में स्पष्ट किया गया कि जिन हितग्राहियों ने राशि आहरण के बावजूद कार्य शुरू नहीं किया है उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम के तहत वसूली की कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने कहा सरकारी सहायता का उद्देश्य हितग्राहियों को मकान उपलब्ध कराना है राशि रोककर रखने की प्रवृत्ति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान, चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा उठाई गई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

## ग्राम पंचायत भवानीपुर में आवास संध्या चौपाल का आयोजन

### ग्रामीणों का संकल्प-निर्धारित समय में पूरा होगा हर आवास

चौपाल के समापन पर उपस्थित ग्रामीणजन एवं हितग्राहियों ने समय-सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने का संकल्प लिया। उपस्थित प्रतिनिधियों ने भी आश्वस्त किया कि मजदूरी सामग्री तकनीकी मार्गदर्शन तथा सभी आवश्यक सहयोग पंचायत एवं जनपद प्रशासन की ओर से निरंतर उपलब्ध कराया जाएगा कार्यक्रम का समापन प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को हर बेघर को पक्का घर के लक्ष्य की दिशा में सार्थक एवं सफल कदम बताते हुए किया गया।



### ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका

चौपाल में सरपंच उपसरपंच सचिव रोजगार सहायक और पंचगण पूर्णतः सक्रिय दिखे उन्होंने ग्राम स्तर पर बनाई गई प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और अपूर्ण आवासों की संख्या निर्माण स्थिति तथा समस्याओं के बिंदुओं को अधिकारियों के समक्ष रखा साथ ही सरपंच द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई कि वे इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लेकर समय पर अपना पक्का मकान बनाएं और किसी तरह की समस्या होने पर पंचायत कार्यालय में तत्काल सूचित करें।

## खबर संक्षेप



### दशहरा मैदान के मंच निर्माण का कार्य प्रारंभ

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ शासन के माननीय केबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी के द्वारा किये गए घोषणा के अनुरूप दशहरा मंच के निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया गया। कार्य प्रारंभ के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन की उपस्थिति में किये जाने वाले कार्य का माप एवं स्थल का निरीक्षण किया गया। लगभग 30 लाख की लागत से नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय दशहरा मैदान में मंच का शेड निर्माण व जीर्णोद्धार का कार्य किया जाना प्रस्तावित किया गया है, दशहरा मैदान के रंगमंच के निर्माण कार्य में मंच पर शेड का निर्माण व जीर्णोद्धार कार्य कराए जाने की मांग पूर्व में माननीय मंत्री महोदय से की गई थी, जिसे पूर्ण किए जाने आश्वस्त किया गया था। उक्त कार्य का आज प्रारंभ किये व कराए जाने वाले कार्य की जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के समक्ष दी गई ,स्थल पर अवलोकन कर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा उक्त कार्य प्रारंभ कराया गया। दशहरा मैदान मंच के जीर्णोद्धार के लिए नागरिकों ने व समिति के लोगों ने माननीय कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त कर आवश्यकता अनुरूप मंच का कार्य कराये जाने पर मुक्त कंठ से सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया गया व आभार व्यक्त किया गया।

## पेज 9 के शेष

### संकट के काल...

आचार्य ने इस कथा का गूढ़ भावार्थ समझाते हुए कहा कि, हम मनुष्य ही गजेंद्र के प्रतीक हैं, जो मोह में पड़कर जीवन भर कुटुंब, परिवार और अपने धन एवं बल के अभिमान में जीते रहते हैं और ग्राह काल (मृत्यु) का प्रतीक है। उन्होंने समझाया कि जब काल रूपी ग्राह जीव रूपी मनुष्य को जकड़ लेता है, तब न परिवार, न धन और न ही बल काम आता है। इस काल से यदि जीव की कोई रक्षा कर सकते हैं, तो वह केवल परमात्मा ही हैं।

### 35 बल्क लीटर...

तलाशी लेने पर 30 किलोग्राम क्षमता वाली प्लास्टिक बोरी में भरी 20 नग कुल 600 किलो ग्राम महुआ लाहन एवं 5 लीटर क्षमता वाली 5 नग जरीकेन में भरी कुल 25 बल्क लीटर महुआ शराब नाला में लावारिस हालात में बरामद हुई एवं महुआ लाहन की सैंपल लेकर सभी लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। कुल महुआ शराब 35 बल्क लीटर का बाजार मूल्य 7,000:एवं 600 किलोग्राम लाहन का बाजार मूल्य 36,000 का होना पाया। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क(च) 34(2) 59(क), प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही है। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक पी.माधव राव, नगर सैनिक दुर्गेश्वरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अभियान :पंचायत भवन और आंगनवाड़ी केंद्रों में अस्थायी शिविर लगाए गए

# मतदाता जागरूकता अभियान में आई तेजी फॉर्म भरने में जुटे किसान, 70% लक्ष्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

सुहेला में चल रहा मतदाता जागरूकता अभियान अब पूरे जोश में दिखाई दे रहा है। 4 दिसंबर को एसआईआर फार्म भरने की अंतिम तिथि नजदीक आते ही ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की उपस्थिति तेजी से बढ़ी है। किसान, जो धान कटाई और खरीदी केंद्रों में बिक्री के काम में व्यस्त हैं, वे भी अपने मताधिकार को सुरक्षित रखने के लिए पूरी सजगता दिखा रहे हैं।

एस आई आर फार्म भरने के इस व्यापक अभियान में बी एल ओ टीम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओ का समर्पण उल्लेखनीय है। बी एल ओ नरेंद्र कुमार साहू, तामेश्वरी वर्मा, गोदावरी वर्मा, अभिहित अधिकारी भंवर सिंह धृतलहरे, सरोज ध्रुव, लक्ष्मी वर्मा तथा सहयोगी तनु वर्मा, पायल वर्मा और कविता वर्मा पूरी निष्ठा से मतदाताओं को फॉर्म भरने में सहयोग कर रहे हैं। ग्राम पंचायत भवन और आंगनवाड़ी केंद्रों में जरूरत के हिसाब से अस्थायी शिविर लगाए गए हैं, जहां मतदाता अपनी सुविधा अनुसार पहुंचकर फॉर्म भरवा रहे हैं। शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन में एस आई आर फार्म जमा करने और जानकारी लेने पहुंचे मतदाताओं में कौशल साहू, हितेंद्र ठाकुर, वीर सिंह यादव, चुन्नी, सुनीता उपाध्याय, लल्लन कुरैशी, अर्जुन वर्मा, मोर्स ध्वज वर्मा सहित कई ग्रामीण शामिल रहे। इन सभी ने अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि "हमें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो रही है। जहां कहीं भी फॉर्म में कोई बिंदु समझ में नहीं आता, वहां बी एल ओ या फिर एस आई आर फॉर्म के लिए नियुक्त अधिकारी तुरंत हमारी शंकाओं को दूर कर देते हैं। पूरा कार्य पारदर्शी और सुगमता से हो रहा है।" सुहेला में मतदाताओं और बी एल ओ टीम का यह आपसी सहयोग लोकतांत्रिक चेतना का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां सब मिलकर सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी मतदाता का नाम सूची से न छूटे और हर नागरिक अपने मतदान अधिकार का लाभ ले सके ।



### घर-घर जाकर भी सेवाएं दे रहे

सुहेला तहसील के 91 पोलिंग बूथों में तेजी से एस आई आर फार्म भरने का कार्य जारी है, और अब तक सुहेला के तीनो पोलिंग बूथ मे लगभग 70% फॉर्म भरे जा चुके हैं। मतदाताओं की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता मिलकर इस अभियान को गति दे रही है। बीएलओ नरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य 4 दिसंबर तक 100% एस आई आर फार्म भरने का है और इसके लिए वे घर-घर जाकर भी सेवाएं दे रहे हैं।

# एन एल दिव्य ने प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्राचार्य पदों के लिए पदोन्नति सूची निकाली, जिससे शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिरौदपुरी को पूर्ण कालीन प्राचार्य मिल गई। व्याख्याता से पदोन्नत होकर एन एल दिव्य ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरौदपुरी में प्राचार्य के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। एन एल दिव्य की पदोन्नति पर स्कूल के शिक्षकों और शाला विकास समिति के अध्यक्ष पुनीराम पटेल, सरपंच राजाराम पटेल व कर्मचारियों ने बधाई दी है। एस के धृतलहारे आरके कर्ष आरके वर्मा, प्रगेंद्र कर्ष, केडी मानिकपुरी, एलके खुटे, सीमा भैना, अशोक थवाईत, दशरथ ठाकुर, एस आर भारद्वाज, एस एल चौहान, सुनील पुरेना, प्रदीप टंडन, कुसुम नायक, सरिता जायसवाल इसके अतिरिक्त हिन्दी व्याख्याता बालौदाबाजार ग्रुप के शिक्षक मुंशीराम साहू, रामकुमार पटेल, योगेश साहू, जीके चौधरी, चदराम साहू, सरिता दिवाकर, उमाशंकर पटेल, टीके वर्मा, धनसाय यादव, सतीश भारद्वाज, हेमकुमार निराला ने एन एल दिव्य को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है।

एन एल दिव्य की पदोन्नति से स्कूल में खुशी का माहौल है। शिक्षकों और कर्मचारियों का कहना है कि एन एल दिव्य एक अनुभवी और योग्य शिक्षक हैं और उनकी पदोन्नति से स्कूल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

# पीएम श्री विद्यालय छड़िया का जिला टीम का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पढ़ाई के स्तर में सुधार हेतु जिला टीम निरंतर प्रयासरत हैं इसी तारतम्य में जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा अपने टीम के साथ पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला छड़यिा में आकस्मिक निरीक्षण में पहुँचे। कक्षा पाँचवी के बच्चों क़ो विभिन्न प्रश्न पूछकर उनके स्तर क़ो जाँचा व बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु ताली से स्वागत हेतु प्रेरित किया। टीम में पहुँचे सहायक कार्यक्रम समन्वयक खेलावन वर्मा द्वारा प्रांगण में बन रहें अतिरिक्त कक्ष का अवलोकन कर जल्द हीं पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया गया। सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्री जहिर अब्बास द्वारा बारी -बारी से कक्षा का अवलोकन कर विद्यार्थी विकास सूचकांक नियमित माह में चस्पा हेतु निर्देश दिया गया व दिवार पत्रिका लेखन व अपार आईडी का शत प्रतिशत बनने पर हर्ष जाहिर किया। जिला परियोजना अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी शिक्षकों क़ो नियमित शाला में उपस्थित रहने, शिक्षक दैनंदनी लेखन का बारीकी से अवलोकन किया ।

बच्चों की कुल उपस्थिति से अधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर की साथ हीं मध्यान्ह भोजन कक्ष का अवलोकन कर नियमित सफाई बनाये रखने हेतु निर्देश दिया। शाला स्टॉफ से घनश्याम प्रसाद वर्मा, सावित्री ध्रुव, रामकुमार जायसवाल, दुलारी पटेल, दुर्गा साहू उपस्थित रहें।

# गौवंश क्रूरता के खिलाफ विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल द्वारा जिले में लगातार गौवंश के साथ हो रही क्रूरता हैवानियत से दुखी होकर इसकी रोकथाम एवं गौवंश के संरक्षण संवर्धन एवं सुरक्षा को लेकर कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपा जिसमें संगठन के कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि बीते कुछ दिनों में जिले मे गौवंश के साथ क्रूरता एवं हत्या की दिल दहला देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं जिसमे भाटापारा मे बछड़े को हलाल करने एवं कोलिहा सिमगा मे जिवित बछड़े का पैर काटकर ले जाने की घटनाएं प्रमुख हैं ये दोनों ही घटनाएं अत्यंत विभत्स निंदनीय क्रूर एवं दुखद हैं तथा जानबूझकर की गई प्रतीत हो रही हैं दोनों ही घटनाओं में आरोपियों की मंशा धार्मिक भावनाएं भड़काने हिंदू समाज को उद्वेलित करने एवं जिले की शांति भंग करने की रही है ऐसे मामलों मे आरोपियों पर सख्त कार्यवाही कर ऐसी घटनाओं की रोकथाम एवं गौवंश के संरक्षण के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला कार्यकारिणी की कुछ मांगें एवं सुझाव दिए जिसमे गौहत्यारों पर हत्या जैसी गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया जाए, जिले में संचालित हो रहे मांस मटन की दुकानों को निर्धारित स्थानों पर संचालित करवाया जाए, मांस मटन की दुकानों का लाईसेंस जारी किया जाए जिसमें की स्थानीय व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाए, मांस मटन की दुकानों की साफ सफाई और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की जाए, अवैध रूप से एवं खुले में कहीं भी संचालित मांस मटन की दुकानों को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए, जिले में संचालित मवेशी बाजारों का लाईसेंस निरस्त कर नए सिरे से समीक्षा कर लाईसेंस जारी किए जाएं, किसानों को पराली ना जलाने एवं पैरादान को बढावा देने के लिए धान खरीदी मे पैरा या पैराकट्टी खरीदी को भी खेत के क्षेत्रफल के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। जिससे की पर्याप्त मात्रा में पैरा संग्रहित हो पाएगा।

### स्थाई समाधान निकाला जाए

विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक मिकी तिवारी ने कहा कि उपरोक्त मांगों एवं सुझाव पर विचार कर अमल करने से गौवंश के संरक्षण संवर्धन एवं उनकी सुरक्षा मे सहायता मिल सकती है। तत्काल इस पर चर्चा कर स्थाई समाधान निकाला जाए। ऐसा आग्रह संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से किया। उक्त अवसर पर विहिप जिला मंत्री रामकुमार साहू (दुलदुला), जिला उपाध्यक्ष बिसौहाराम वर्मा (कौड़यिा), बजरंगदल जिला संयोजक केवल साहू (बनसांकरा), मातृशक्ति संयोजिका आरती सर्राफ, लता वर्मा, जागेश्वर पटेल गौसेवक, गौरक्षा प्रमुख नारायण यादव, दीपक साहू, तिलकराम वर्मा, रामकुमार साहू, तिरिथ राम निषाद, किरण साहू, शांति साहू, ममता टिकरिहा आदि उपस्थित रहे।

# कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम पर हुई विशेष जागरूकता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शुक्रवार को श्री अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के निर्देशन में अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संबंध में विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन जिला अस्पताल बलौदाबाजार में किया गया।कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न 2013 के परिपालन में कमीटी शासकीय एवं गैर सरकारी संस्थाओं में बनाई गई है परंतु इस अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही किस प्रकार की जानी है जिसकी जागरूकता कर्मचारी एवं अधिकारी को नहीं है जिसके लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 15 के अंतर्गत समता का अधिकार तथा संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्राण और गरिमा से जीवन व्यतीत करने सं. किसी महिला के मूल अधिकारों व्यवसाय करने उपजीविका, व्यापार एवं कारोबार करने का अधिकार जिसकी अंतर्गत लैंगिक उत्पीडन से मुक्त सुरक्षित वातावरण देने के लिए अधिनियम बनाया गया है।



### अधिकारों का दुरूपयोग पर होगी कार्रवाई

संस्थानों के द्वारा समिति का गठन तो कर दिया गया है परंतु उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है कि समिति कार्य कैसे करेगी? समिति से कैसे शिकायत किया जा सकता है? कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न अंतर्गत क्या-क्या आता है? कार्यशाला मे न केवल यह बताया गया कि लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में उनके क्या अधिकार है बल्कि यह भी बताया गया कि यदि उनके द्वारा अधिकारों का दुरूपयोग किया गया तो उनके विरुद्ध भी कार्यवाही हो सकती है, इसलिये कार्यशाला में महिला व पुरुष दोनो ही अधिकारी/कर्मचारियों की सहभागिता रखी गई है।

# खम्हरिया स्कूल में छात्राओं को दी गई सायकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में शुक्रवार को विद्यालय में राज्य शासन के निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत विद्यालय में छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि छात्राओं के विद्यालय आने के लिए यह एक अत्यंत कारगर योजना है जिसके कारण बालिका आसानी से घर से विद्यालय तक आना-जाना कर सकती है।

इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष सबद राम यादव एवं श्री अंत राम साहू सरपंच, सदस्य गण टेक लाल साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, दरस राम टंडन, नारायण साहू पूर्व उप सरपंच, गंगाराम यादव, विशेसर साहू, दुर्गेश दुबे, रामेश्वर साहू, प्रहलाद मानिकपुरी उपसरपंच, सहनू कर्ष, दादू राम साहू, धरमु कर्ष, शाला विकास समिति सभी अन्य सदस्य गण ग्राम पंचायत खम्हारिया के सदस्प उपस्थित थे तथा शिक्षकों में प्राचार्य एस एल पटेल सहित श्री एन लकड़ा सर, एम एल सिदार सर, एसके डनसेना सर, आर एल सर, जे के वर्मा सर, मनोज किशोर सर, डी आर सर, एस पटेल सर, पी एल पटेल सर, डीसाहू सर, यूके निषाद सर, एन राज सर, पी के देवागन सर, टी साहू सर, के आर यादव सर, श्री डीपी पटेल सर, अरुण दुबे सर, श्री एस आर निषाद सर, कु नेमलता पटेल मेडम, दीपिका मेम, संगीता जायसवाल, लाखन भारद्वाज, प्रकाश नेवले, आकाश यादव, घनश्याम दास उपस्थित थे।






सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
28 नवम्बर 2025
SHOW TIME
तेरे इश्क में
शो समय - 12:00,3:00, 6:00, 9:00 PM
गैंग्स ऑफ रायपुर (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
मस्ती 4
शो समय - 3:00, 6:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ



खरोरा। नगर पंचायत खरोरा में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन 27 नवंबर से आरंभ हो गया है। यह आयोजन नगर के प्रमुख व्यापारी बालाजी ज्वेलर्स द्वारा स्वर्गीय भोला प्रसाद सोनी के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर किया जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से आरंभ होगा, जिसमें मुख्य भागवत उपासक डॉ. दादूभाई त्रिपाठी कथावाचन। हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव पर उपराष्ट्रपति द्वारा सम्मानित त्रिपाठी इस आयोजन का मुख्य आकर्षण बने हुए हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 27 नवंबर को नगर तथा आसपास क्षेत्रों की बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे कलश यात्रा में शामिल हुए। मातृशक्ति ने पीली साड़ी पहनकर तथा एकरूप श्रृंगार के साथ सामूहिक कलश यात्रा निकाली, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए संपन्न हुई। आयोजन 4 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से हरि इच्छा तक जारी रहेगा। श्रद्धालु बड़ी संख्या में भागवत श्रवण हेतु उपस्थित हो रहे हैं।

### 28 तीर्थयात्री अयोध्या के लिए रवाना




**भाटापारा।** श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्री रामलला के दर्शन के लिए तीर्थयात्री रवाना हुए। जनपद पंचायत के पंचायत इंसपेक्टर सनत ध्रुव ने तीर्थयात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तीर्थयात्री रायपुर से स्पेशल ट्रेन से अयोध्या जायेंगे भाटापारा से श्री राम लाल दर्शन के लिए तीर्थयात्री ग्रामीण से 23 एवं शहर से पांच कुल 28 तीर्थयात्री दर्शन के लिए रवाना हुए हैं।

### निधन

### गोदावरी वर्मा



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** ग्राम भरूवाडीह निवासी गोदावरी वर्मा का गत दिवस निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे राजकुमार, डोमार, और राजेंद्र की माता थी।

**महोत्सव : खेल महोत्सव से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना को बढ़ावा: सांसद अग्रवाल**

# खेलेंगा इंडिया, तभी खिलेगा इंडिया के विजन का एक सशक्त प्रतिबिंब है : अनुज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

धरसींवा विधानसभा अंतर्गत धरसींवा व माठ में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल व विधायक अनुज शर्मा सम्मिलित हुए। इस खेल महोत्सव में 10 खेलों में करीब 800 से अधिक खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। विजेताओं और शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सांसद व विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह महोत्सव न केवल विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा का मंच है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायी आयोजन भी है। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जो उत्साह, ऊर्जा और लगन दिखाई, वह वास्तव में सराहनीय रहा।

वही विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि यह सिर्फ एक खेल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के विजन का एक सशक्त प्रतिबिंब है। यह महोत्सव हमारे युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। खेल केवल जीत और हार नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का एक उत्सव है। यह महोत्सव हमें सिखाता है कि कैसे एक साथ मिलकर काम करना है और हर परिस्थिति का सामना कैसे करना है। इस बार के महोत्सव में एक खास बात यह है कि यह सिर्फ क्रिकेट, फुटबॉल जैसे खेलों तक सीमित नहीं है, बल्कि गिल्ली डंडा, नींबू-चम्मच दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है, जो हमारी पुरानी संस्कृति और खेल भावना को जीवित रखते हैं।





**खेल हर उम्र और हर वर्ग के लिए** यह आयोजन गांव-गांव की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यहां तक कि बुजुर्ग और दिव्यांग बच्चे भी इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं, जो दर्शाता है कि खेल हर उम्र और हर वर्ग के लिए है। सांसद खेल महोत्सव खेलेंगा इंडिया, तभी खिलेगा इंडिया के नारे को साकार करता है। यह न केवल हमारे युवाओं को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाता है, बल्कि उन्हें एक मजबूत और विकसित भारत बनाने की दिशा में भी प्रेरित करता है। आइये, हम सब मिलकर इस महोत्सव में भाग लें और एक स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, उपा. जिला पंचा. संदीप यदु, सविता चंद्राकर, शकुंतला ढिलेन्द्र सेन, दिनेश खुटे सहित कार्यकर्तागण व खेल प्रेमी खिलाड़ियाँ उपस्थित रहे।

## बेमौसम बारिश और बीमारियों से धान की पैदावार में भारी कमी, किसान हुए निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



बेमौसम बारिश के कारण धान का पैदावार कम होने से किसानों को नुकसान हुआ है। अपनी कठोर मेहनत से धान का उत्पादन करने वाले किसान इस वर्ष धान की पैदावार कम होने के कारण उदास है। क्योंकि फसल पर बीमारियों जैसे की सदर्न राइस ब्लैक स्ट्रिक्ड ड्वार्फ वाइरस फाल्ट स्मट और खैरा रोग का प्रकोप हुआ है जो जिंक की कमी से हुआ है। इसके अलावा बेमौसम बारिश और जलभराव जैसे प्राकृतिक आपदाओं ने भी उपज को नुकसान पहुंचाया है। इन समस्याओं से प्रति एकड़ उत्पादन कम हुआ हो रहा है। जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। किसानों को मेहनत के हिसाब से धान की पैदावार में भारी कमी आ रही है। फसल को लेकर किसान की कई इच्छाएं और सपने होते है। लेकिन इस साल उनके अरमानों पर पानी फिर गया है और कर्ज के जाल में फंसते हुए नजर आ रहे हैं। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के किसानों कहना है कि हमें सरकार से काफी उम्मीदें हैं कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए कोई राहत पैकेज मिलता तो बेहतर होता।

## नपा अध्यक्ष ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- वार्ड के मतदान केंद्रों में जा कर की गई कार्यों की समीक्षा
- मतदाताओं से सहयोग की अपील

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 के लिए वार्डों में मतदाता सूची का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। इस कार्य के तहत मतदाताओं को फॉर्म भरकर संबंधित मतदान केंद्र में नियक्त बीएलओ के पास जमा करना है।

इसी क्रम में, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा वार्डों के मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया और किए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा कर अवलोकन किया गया। नपा अध्यक्ष श्री जैन ने बेसिक शाला, बालक शाला, नयापारा और षष्टि मंदिर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति देखी। उन्होंने कार्य में संलग्न नोडल अधिकारी और बीएलओ से मतदाता पुनरीक्षण की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



**अध्यक्ष की अपील**

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे निर्वाचन आयोग के गहन पुनरीक्षण के कार्य में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जोर दिया कि मतदाता निर्धारित फॉर्म भरने के साथ ही इसे जमा करने के प्रति जागरूक रहें, जिससे कि मतदाता सूची में उनका नाम यथावत बना रह सके।

**निरीक्षण में रहे उपस्थित**

इस दौरान नगर पालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, सभापति पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, गौतम सिंह चौहान, शेखर गुप्ता, लोकेश चेलक, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, सुभाष राव, पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल और नगर पालिका के उप अभियंता/नोडल अधिकारी रितेश स्थापक उपस्थित थे।

## बेटियों पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले आईएस अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शुक्रवार को अखंड ब्राह्मण समाज की ओर से बड़ी संख्या में समाजजनों ने एकत्र होकर आई एस अधिकारी संतोष वर्मा के कथित विवादित बयान के खिलाफ कड़ी आपत्ति दर्ज की और एसडीएम दीपक निकुंज को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर तुरंत कानूनी कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया पर वायरल इस कथित टिप्पणी में ब्राह्मण समाज की बेटियों के संबंध में अशोभनीय व अपमानजनक शब्दों के उपयोग ने पूरे क्षेत्र में तीखा आक्रोश पैदा कर दिया है। समाजजन इसे केवल एक समुदाय का मुद्दा नहीं बल्कि महिलाओं की गरिमा और सामाजिक मर्यादा को चुनौती मान रहे हैं।समाजजनों ने कहा कि किसी भी सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा ऐसी टिप्पणी न केवल असंवेदनशीलता का उदाहरण है, बल्कि यह नारी सम्मान पर प्रहार है। वक्ताओं ने जोर देते हुए कहा कि यह मामला ब्राह्मण समाज भर का नहीं, बल्कि हर उस नागरिक के सम्मान से जुड़ा है जो अपनी बेटियों के भविष्य और सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है।

उन्होंने कहा कि बेटियाँ किसी भी समुदाय की नहीं, पूरे देश की शान होती हैं और उनके सम्मान के खिलाफ उठी हर आवाज का जवाब मिलना चाहिए।ज्ञापन में अखंड ब्राह्मण समाज ने मांग की है कि इस मामले की गंभीरता को समझते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 298, 299, 153, स्त्री अशिष्ट रूप प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, तथा आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत आरोपित आई ए एस अधिकारी पर तत्काल अपराध दर्ज किया जाए।



**ये रहे शामिल**

समाज का कहना है कि वायरल सामग्री से स्पष्ट होता है कि कथित टिप्पणी महिलाओं की गरिमा का उल्लंघन करती है और सामाजिक सौहार्द को कमजोर करने की क्षमता रखती है, इसलिए इसे हल्के में लिए जाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाज के प्रमुख पदाधिकारियों में अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिरूद्ध मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा, शेषराम शर्मा, विनय शर्मा, राहूल पांडे, सत्यनारायण शर्मा, धीरज मिश्रा, सुमित तिवारी, कैलाश तिवारी, सुर्याकांत तिवारी, राकेश त्रिपाठी, रामेश्वर मिश्रा, कमलेश पांडे, दीनानाथ उपाध्याय, टंकराम पांडे, माधव प्रसाद द्विवेदी, राजेन्द्र पांडेय, प्रीतम पांडे, पिंटू शर्मा, केशव पांडे, शुभम शर्मा, वेदप्रकाश मिश्र, तोषन चौबे आदि बड़ी संख्या में समाज सदस्य शामिल रहे। महिला प्रकोष्ठ की ओर से यशप्रभा पांडेय, ईश्वरी तिवारी, सुषमा त्रिपाठी तथा अन्य सदस्यों ने भी जोरदार विरोध व्यक्त करते हुए कहा कि नारी सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए, चाहे वे किसी भी पद पर हों।

## मंत्री खुशवंत साहेब और गौरीशंकर अग्रवाल ने शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विगत दिनों पलारी में प्रथम आगमन पर एक कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने शहीद भगत सिंह जी को याद करते हुए उन्हें माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। गौरतलब हो कि देवांगन समाज पलारी के द्वारा निर्मित मां परमेश्वरी के मंदिर पूजा कार्यक्रम में शामिल होने मंत्री का प्रथम बार पलारी नगर आगमन हुआ, उनके साथ अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े ने भी शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किए, इस अवसर पर वार्ड पार्षद डोमार सिंह वर्मा, पार्षद रवि ध्रुव, पूर्व सभापति ताजेंद्र कनौजे, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मनोज वर्मा, पूर्व पार्षद राजेंद्र साहू, जय प्रकाश वर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चित्रकला स्पर्धा में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रानी लक्ष्मीबाई जयंती के लक्ष्य पर शहर में स्थित मिनीमाता कन्या विद्यालय में चित्रकला, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था ।जिसमें सैकड़ों की संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महापुरुषों की जयंती पर ऐसे ही अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करती है जिससे छात्र- छात्राएं, समाज में एक अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण हो। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पुनेश्वर नाथ मिश्रा उपस्थित रहे उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे ही छात्र-छात्राओं के बीच अनेक कार्यक्रमों का आयोजन व प्रतियोगिताएं आयोजित होते रहना चाहिए जिससे उनकी कला प्रतिभा को एक मंच मिलेगा। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक फाल्गुनी सोनी ने बताया कि एबीपी प्रत्येक वर्ष रानी लक्ष्मीबाई जयंती स्त्री शक्ति दिवस के रूप में मानती है तथा इसके माध्यम से अनेक का कार्यक्रमों का आयोजन भी करती है। जिसमें मिशन साहसी जैसे बड़े आयोजन भी करती है जिससे छात्राओं को स्वावलंबी बनाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में अपनी स्वयं की रक्षा कर सके। इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के शिक्षक गण व विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मलय साहू, साथ ही इस कार्यक्रम में वक्त के रूप में मिनीमाता कन्या शाला विद्यालय कसडोल के साला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पुनेश्वर नाथ मिश्रा उपस्थित रहे, कसडोल नगर के नगर मंत्री याचना पटेल, नगर सह मंत्री केशव चेलक, तूनीषा मधुकर, तनीषा ,शाहिना, युवराज साहू, यशवंत यादव, ममता, गौतम साहू, मयंक साहू और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नवनिर्वाचित बार सदस्य भास्कर साहू सिमगा पहुंचे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

शुक्रवार को स्टेट बार काउंसिल काउंसिल के बलौदाबाजार के नवनिर्वाचित सदस्य भास्कर साहू सिमगा पहुंचकर अपने साथी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त कर उनका मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर त्रिभुवन नायक, परीक्षित चतुर्वेदी, पुरषोत्तम यदु सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

**सालिया घाट में मनाई गई मास्टर ब्रूसली की 84वीं जयंती**

# मार्शल आर्ट के महान फनकार और बेताज बादशाह थे ब्रूसली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

भटगांव से लगे ग्राम सालिया घाट में विश्व मे मार्शल आर्ट्स के महान खिलाड़ी एवं हॉलीवुड के अभिनेता मास्टर ब्रूसली का 84 जन्मदिन एवं कराटे प्रदर्शन का आयोजन राज्य कराटे संघ जिला इकाई सारंगढ़ बिलाईगढ़,सेल्फ़ डिफेंस ऑर्गेनाइजेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 27 नवम्बर बुधवार को सलिहा घाट भटगांव में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि संस्था प्रमुख प्रिंसिपल ऑफ कराटे शिहान वरुण पाण्डेय के उपस्थिति में हुआ उन्होंने ब्रूसली के जींवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रूसली अगस्त 1964 से अमेरिका में होने वाली विश्व के सबसे बड़े मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में 9 बार मतलब जींवन पर्यंत विश्व चेम्पियन रहे, 27 नवम्बर 1940 को जन्म के पश्चात बाल्य अवस्था से ही संघर्षमय जींवन के बावजूद 12 वर्ष की उम्र से मास्टर ईप मेंन के सानिध्य में मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग लेकर विश्व का सारा रिकॉर्ड तोड़ दिए,शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने वाशिंगटन विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र में डिग्री हासिल किए,उनके लाइब्रेरी में 2000 से अधिक मार्शल आर्ट्स की पुस्तकें मौजूद रहती थी, उन्होंने अनेकों मार्शल आर्ट्स फिल्मों में हैरतअंगेज भूमिका निभाए, ब्लैक ड्रेगन, गेम ऑफ़ डेथ, इंटर ऑफ ड्रेगन, चाकू मास्टर आदि प्रमुख हैं, मास्टर ब्रूसली की मृत्यु 20 जुलाई 1973 को रात 11 बजे हांगकांग के एलिजाबेथ अस्पताल में हो गया, कला के प्रति समर्पण, प्रदर्शन प्रियता, विद्युत की तरह गति और मारक क्षमता ही हम सबको इस कला के प्रति आकर्षित करती है, विश्व पटल पर उनकी लोकप्रियता इतनी थी कि उनके अंतिम यात्रा में 20,000 लोग शामिल हुए थे और 13000 पुलिस वालो की काफिले ने घेरा बनाकर उन्हें अपनी अंतिम सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित किए थे।



**मानव समाज उन्हें सदैव याद रखेंगे**

वरुण पाण्डेय ने कहा कि लगभग निर्जीव हो चुकी मार्शल आर्ट्स, कुंगफु, कराटे, बॉक्सिंग की इस कला को जीवन प्रदान करने का श्रेय बूसली को ही जाता है, यद्यपि आधुनिक मार्शल आर्ट्स सेल्फ़ डिफेंस का जनक और आज तक का सर्वश्रेष्ठ फनकार हमारे बीच नहीं है, भरी जवानी में ही काल के क्रूर हाथों ने उन्हें हमसे छीन लिया फिर भी प्रत्येक मार्शल आर्टिस्ट के हृदय में वे हमेशा बसे हुए हैं, मार्शल आर्ट्स के लिए की गई ब्रूसली की सेवाओं के लिए न केवल मानव समाज उन्हें सदैव याद रखेंगे बल्कि इस कला के पुजारी उन्हें युग युग तक याद करते रहेंगे, इस अवसर पर मुख्य महिला कोच एवं राज्य कराटे संघ यू एस के छत्तीसगढ़ के सचिव सेंसेई रूखमणी रानू, कराटे वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष पंकज दास, सचिव सेंसेई वीरेंद्र डडसेना, कुमार गौरव, राजेश चक्रधारी, वेणु मंजूरी, शालू प्रेमी, वामिनी साहू, काजल साहू, किशन साहू, रेणुका कुम्भकार, निशि धीवर, नेहा यादव, गीता बरेठ, अश्वनी श्रीवास, कविता खूंटे, वैभवी सिंह सिसोदिया, लवली महंत, सिम्मी यादव, सहित बड़ी संख्या में कराटे कोच एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे, उक्ताशय की पंकज दास ने दिए।

